This Question Paper Booklet contains **19** printed pages.

इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका के अन्तर्गत **19** मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.** **53/HIS/1**
**कोड नं०**

**Set/सेट** **A**

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र
# (318)

Day and Date of Examination ..............................................................................

(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..............................................................

(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..............................................................

## *General Instructions :*

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper Booklet.
2. Please check the Question Paper Booklet to verify that the total pages of the booklet and the total pages printed on the top of the first page tallies each other. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the answer-book or writing roll number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Booklet Code No. 53/HIS/1, Set A on the answer-book.
5. (a) The Question Paper Booklet is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the answer-book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

## *सामान्य अनुदेश :*

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया जाँच कर लें कि प्रश्न-पत्र पुस्तिका की कुल पृष्ठ संख्या तथा प्रथम पृष्ठ के ऊपरी भाग पर छपे कुल पृष्ठ संख्या दोनों समान हैं। इस बात की भी जाँच कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र पुस्तिका की कोड संख्या 53/HIS/1, सेट A लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र पुस्तिका केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

## Important Instructions

1. This Question Paper Booklet contains two Question Papers—one based on revised study material marked as **NEW SYLLABUS** and the other based on pre-revised study material marked as **OLD SYLLABUS**.

2. **NEW SYLLABUS** *is compulsory for those who have registered for 2015–16 (Block–I and Block–II) admission and Stream–II of 2016 admission. (Those who are appearing in September–November, 2016 under* **NEW SYLLABUS**.*)*

3. **OLD SYLLABUS** is compulsory for those candidates who had registered before 2015–16 (Block–I) admission.

4. Candidates are to answer only one Question Paper from the given two Question Papers.

5. Candidates are not allowed to mix questions from the two given Question Papers.

## महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका में दो प्रश्न-पत्र हैं—एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **नया पाठ्यक्रम** अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **पुराना पाठ्यक्रम** अंकित है।

2. **नया पाठ्यक्रम** *उन परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है जिनका नामांकन 2015–16 (ब्लॉक–I और ब्लॉक–II) तथा शाखा–II, 2016 में हुआ है। (उनके लिए जो सितम्बर–नवम्बर, 2016 में* **नए पाठ्यक्रम** *के अंतर्गत परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।)*

3. **पुराना पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है जिनका नामांकन 2015–16 (ब्लॉक–I) के पहले हुआ है।

4. परीक्षार्थी दिए गए दो प्रश्न-पत्रों में से केवल एक प्रश्न-पत्र से ही उत्तर लिखें।

5. परीक्षार्थी को दो प्रश्न-पत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की अनुमति नहीं है।

This Question Paper contains **32** questions.

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत **32** प्रश्न हैं।

# ECONOMICS

## अर्थशास्त्र

## (318)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) *All* questions are compulsory.

(ii) Marks allotted to each question are indicated against it.

(iii) Each question from Question Nos. **1** to **10** has four alternatives—(A), (B), (C) and (D), out of which one is most appropriate. Select the correct answer among the four alternatives and write it in your answer-book against the number of the question. No extra time is allotted for attempting multiple-choice questions.

**निर्देश :** (i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे गए हैं।

(iii) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक के प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प—(क), (ख), (ग) तथा (घ) हैं, जिनमें से एक उपयुक्त है। चारों विकल्पों में से सही उत्तर चुनें तथा अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न संख्या के सामने उत्तर लिखें। बहु-विकल्पी प्रश्नों के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

**1.** The sum of deviations of the individual data elements from their mean is

(A) always greater than zero

(B) always less than zero

(C) sometimes greater than and sometimes less than zero depending on the data elements

(D) always equal to zero 1

व्यक्तिगत श्रेणी में माध्य से विचलनों का योग

(क) सदैव शून्य से अधिक होता है

(ख) सदैव शून्य से कम होता है

(ग) शून्य से कभी अधिक और कभी कम होता है, यह समंक तत्त्वों पर निर्भर करता है

(घ) सदैव शून्य होता है

**2.** Price of a commodity falls from ₹ 15 per unit to ₹ 10 per unit but there is no change in its quantity demanded. Its demand is

(A) perfectly inelastic

(B) perfectly elastic

(C) unit elastic

(D) more than unit elastic 1

एक वस्तु की कीमत ₹ 15 प्रति इकाई से कम होकर ₹ 10 प्रति इकाई हो जाती है परन्तु इसकी माँग की मात्रा में कोई परिवर्तन नहीं होता है। इसकी माँग है

(क) पूर्णतया बेलोच

(ख) पूर्णतया लोचदार

(ग) इकाई के बराबर लोचदार

(घ) इकाई से अधिक लोचदार

**3.** Which one of the following factors is variable in the law of supply relating to a commodity?

(A) Prices of inputs used in production of the commodity

(B) Prices of other goods

(C) Price of the commodity

(D) Technology of production 1

एक वस्तु की आपूर्ति के नियम में निम्नलिखित में से कौन-सा कारक परिवर्तनशील होता है?

(क) वस्तु के उत्पादन में प्रयोग की जाने वाली आगतों की कीमतें

(ख) अन्य वस्तुओं की कीमतें

(ग) वस्तु की कीमत

(घ) उत्पादन की तकनीक

**4.** What is the price elasticity of supply if the straight line supply curve cuts price axis (*Y*-axis) at a point above the point of origin?

(A) Less than unit elastic

(B) More than unit elastic

(C) Unit elastic

(D) Perfectly inelastic 1

यदि सीधी रेखा आपूर्ति वक्र, कीमत अक्ष ($Y$-अक्ष) को मूलबिन्दु के ऊपर किसी बिन्दु पर काटता है, तो आपूर्ति की कीमत लोच क्या होगी?

(क) इकाई से कम लोचदार

(ख) इकाई से अधिक लोचदार

(ग) इकाई के समान लोचदार

(घ) पूर्णतया बेलोच

**5.** Which one of the following is related to the flow concept?

(A) Money supply

(B) Population

(C) Population growth

(D) Wealth 1

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रवाह की अवधारणा से संबंधित है?

(क) मुद्रा की आपूर्ति

(ख) जनसंख्या

(ग) जनसंख्या वृद्धि

(घ) सम्पत्ति

**6.** Which one of the following is a final good?

(A) A machine purchased by a wholesaler

(B) Electricity used in a factory

(C) Wheat purchased by a retailer

(D) Machine purchased for use in a factory 1

निम्नलिखित में से कौन-सी अन्तिम वस्तु है?

(क) थोक विक्रेता द्वारा खरीदी गई एक मशीन

(ख) कारखाने में प्रयोग की जाने वाली बिजली

(ग) खुदरा विक्रेता द्वारा क्रय किया गया गेहूँ

(घ) कारखाने में प्रयोग हेतु खरीदी गई मशीन

**7.** Gross value added at market price equals

(A) Value of output – Intermediate consumption

(B) Value of output + Intermediate consumption

(C) Value of output – Intermediate consumption – Depreciation

(D) Value of output – Intermediate consumption – Depreciation – Net indirect taxes 1

बाजार कीमत पर सकल मूल्यवृद्धि बराबर होता है

(क) उत्पादन का मूल्य – मध्यवर्ती उपभोग

(ख) उत्पादन का मूल्य + मध्यवर्ती उपभोग

(ग) उत्पादन का मूल्य – मध्यवर्ती उपभोग – मूल्यह्रास

(घ) उत्पादन का मूल्य – मध्यवर्ती उपभोग – मूल्यह्रास – निवल अप्रत्यक्ष-कर

**8.** Value of investment multiplier is

(A) $\frac{\text{Change in investment}}{\text{Change in income}}$

(B) $\frac{1}{1-\text{Marginal propensity to save}}$

(C) $\frac{1}{\text{Marginal propensity to consume}}$

(D) $\frac{1}{1-\text{Marginal propensity to consume}}$ 1

निवेश गुणक का मूल्य होता है

(क) $\frac{\text{निवेश में परिवर्तन}}{\text{आय में परिवर्तन}}$

(ख) $\frac{1}{1-\text{सीमांत बचत प्रवृत्ति}}$

(ग) $\frac{1}{\text{सीमांत उपभोग प्रवृत्ति}}$

(घ) $\frac{1}{1-\text{सीमांत उपभोग प्रवृत्ति}}$

**9.** Which one of the following is not an instrument of fiscal policy?

(A) Taxation

(B) Variable reserve ratio

(C) Public expenditure

(D) Public borrowing 1

निम्नलिखित में से कौन-सा राजकोषीय नीति का उपकरण नहीं है?

(क) कराधान

(ख) परिवर्तनशील जमा अनुपात

(ग) सार्वजनिक व्यय

(घ) सार्वजनिक ऋण

**10.** Find out the break-even point in the schedule given below :

| *Income* (₹ in crore) | *Consumption* (₹ in crore) |
|---|---|
| 0 | 500 |
| 500 | 750 |
| 1,000 | 1,000 |
| 1,500 | 1,250 |
| 2,000 | 1,500 |

(A) ₹ 500 crore

(B) ₹ 1,000 crore

(C) ₹ 1,500 crore

(D) ₹ 2,000 crore 1

निम्नलिखित अनुसूची में समस्तर बिन्दु की आय के स्तर को ज्ञात कीजिए :

| *आय* (₹ करोड़ में) | *उपभोग* (₹ करोड़ में) |
|---|---|
| 0 | 500 |
| 500 | 750 |
| 1,000 | 1,000 |
| 1,500 | 1,250 |
| 2,000 | 1,500 |

(क) ₹ 500 करोड़

(ख) ₹ 1,000 करोड़

(ग) ₹ 1,500 करोड़

(घ) ₹ 2,000 करोड़

**11.** Calculate median from the following frequency distribution : 3

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *Marks* : | 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 |
| *Number of students* : | 2 | 8 | 16 | 26 | 20 | 16 | 7 | 4 |

निम्नलिखित आवृत्ति वितरण से माध्यिका की गणना कीजिए :

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *अंक* : | 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 |
| *छात्रों की संख्या* : | 2 | 8 | 16 | 26 | 20 | 16 | 7 | 4 |

**12.** What is meant by positive economics? Give *two* examples of positive economics. 3

वास्तविक अर्थशास्त्र से क्या अभिप्राय है? वास्तविक अर्थशास्त्र के **दो** उदाहरण दीजिए।

**13.** Price of a commodity falls from ₹ 10 per unit to ₹ 8 per unit and as a result its demand rises from 40 units to 50 units. Calculate the price elasticity of demand of the commodity. 3

एक वस्तु की कीमत ₹ 10 प्रति इकाई से कम होकर ₹ 8 प्रति इकाई हो जाती है और परिणामस्वरूप इसकी माँग 40 इकाई से बढ़कर 50 इकाई हो जाती है। वस्तु की माँग की कीमत लोच की गणना कीजिए।

**14.** How is the supply of a commodity affected by increase in price of other goods? Explain. 3

किसी वस्तु की आपूर्ति अन्य वस्तुओं की कीमत में वृद्धि होने पर किस प्रकार प्रभावित होती है? समझाइए।

**15.** At a given level of output, marginal cost and marginal revenue of a firm are equal. Is the firm necessarily in equilibrium? Explain. 3

उत्पादन के किसी दिए गए स्तर पर किसी फर्म की सीमान्त लागत तथा सीमान्त आगम समान हैं। क्या फर्म अवश्य ही सन्तुलन में है? समझाइए।

**16.** Explain 'real flow' and 'money flow' of income in a two-sector economy. 3

एक दो-क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में आय के 'वास्तविक प्रवाह' तथा 'मौद्रिक प्रवाह' को समझाइए।

**17.** Calculate 'net value added at factor cost' from the data given below : 3

| | | ₹ (in lakh) |
|---|---|---|
| *(i)* | Change in stock | 600 |
| *(ii)* | Intermediate consumption expenditure | 10,000 |
| *(iii)* | Sales | 20,000 |
| *(iv)* | Indirect taxes | 500 |
| *(v)* | Subsidies | 100 |
| *(vi)* | Depreciation | 300 |

निम्नलिखित आँकड़ों से 'साधन लागत पर निवल मूल्यवृद्धि' की गणना कीजिए :

| | | ₹ (लाख में) |
|---|---|---|
| *(i)* | स्टॉक में परिवर्तन | 600 |
| *(ii)* | मध्यवर्ती उपभोग व्यय | 10,000 |
| *(iii)* | बिक्री | 20,000 |
| *(iv)* | अप्रत्यक्ष-कर | 500 |
| *(v)* | आर्थिक अनुदान | 100 |
| *(vi)* | मूल्यह्रास | 300 |

**18.** What is meant by marginal propensity to consume? State any *four* factors that determine the marginal propensity to consume in an economy. 3

सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति से क्या अभिप्राय है? ऐसे किन्हीं **चार** कारकों का उल्लेख कीजिए, जो किसी अर्थव्यवस्था में सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति का निर्धारण करते हैं।

**19.** What are meant by revenue receipts and capital receipts in a government budget? Give *one* example of each. 3

सरकार के बजट में राजस्व प्राप्तियों तथा पूँजीगत प्राप्तियों से क्या अभिप्राय है? प्रत्येक का **एक** उदाहरण दीजिए।

**20.** The following hypothetical data relate to the government budget :

| | | ₹ (in arab) |
|---|---|---|
| *(i)* | Borrowings | 15 |
| *(ii)* | Revenue receipts | 100 |
| *(iii)* | Revenue expenditure | 130 |
| *(iv)* | Interest payments | 5 |
| *(v)* | Capital receipts | 90 |

Calculate the *(a)* revenue deficit, *(b)* fiscal deficit, and *(c)* primary deficit. 3

निम्नलिखित काल्पनिक आँकड़े सरकार के बजट से संबंधित हैं :

| | | ₹ (अरब में) |
|---|---|---|
| *(i)* | ऋण | 15 |
| *(ii)* | राजस्व प्राप्तियाँ | 100 |
| *(iii)* | राजस्व व्यय | 130 |
| *(iv)* | ब्याज भुगतान | 5 |
| *(v)* | पूँजीगत प्राप्तियाँ | 90 |

(क) राजस्व घाटा, (ख) राजकोषीय घाटा तथा (ग) प्राथमिक घाटा की गणना कीजिए।

**21.** Explain the steps involved in the calculation of mean deviation. 4

माध्य विचलन की गणना करने में प्रयुक्त चरणों को समझाइए।

**22.** Why do economic problems arise? Explain. 4

आर्थिक समस्याएँ क्यों उत्पन्न होती हैं? समझाइए।

**23.** Describe the effect of increase in prices of related goods on the demand of a commodity. 4

किसी वस्तु की माँग पर संबंधित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के प्रभाव का वर्णन कीजिए।

**24.** Suppose that total fixed cost is ₹ 120. Find out total variable cost and marginal cost at each level of output from the following data : 4

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| *Output* (in units) | : | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *Average total cost* (in ₹) | : | 240 | 160 | 140 | 160 |

मान लीजिए कि कुल स्थिर लागत ₹ 120 है। निम्नलिखित आँकड़ों से उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर कुल परिवर्तनशील लागत तथा सीमान्त लागत की गणना कीजिए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| *उत्पादन* (इकाइयों में) | : | 1 | 2 | 3 | 4 |
| *औसत कुल लागत* (₹ में) | : | 240 | 160 | 140 | 160 |

**25.** What happens when there is *(a)* excess demand, and *(b)* excess supply of a commodity in a market? Explain. 4

जब बाजार में एक वस्तु की (क) माँग आधिक्य और (ख) पूर्ति आधिक्य की स्थिति हो, तो क्या होता है? समझाइए।

**26.** Give the meaning of the following : 4

*(a)* Bank rate

*(b)* Open market operations

निम्नलिखित के अर्थ बताइए :

(क) बैंक दर

(ख) खुले बाजार की क्रियाएँ

**27.** What are index numbers? State any *four* uses of index numbers. 6

सूचकांक क्या होते हैं? सूचकांकों के कोई **चार** उपयोग बताइए।

**28.** Using 'assumed mean method', calculate Karl Pearson's coefficient of correlation from the following data : 6

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *Price* (in ₹) | : | 20 | 40 | 60 | 80 | 100 | 120 | 140 |
| *Supply* (in kg) | : | 400 | 200 | 500 | 1000 | 400 | 1100 | 1200 |

'कल्पित माध्य विधि' का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित आँकड़ों से कार्ल पीयर्सन के सहसंबंध गुणांक की गणना कीजिए :

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *कीमत* (₹ में) | : | 20 | 40 | 60 | 80 | 100 | 120 | 140 |
| *आपूर्ति* (कि० ग्रा० में) | : | 400 | 200 | 500 | 1000 | 400 | 1100 | 1200 |

**29.** Explain the following properties of indifference curves : 6

*(a)* Convex to origin

*(b)* Slopes downwards from left to right

अनधिमान वक्रों के निम्नलिखित गुणों को समझाइए :

(क) मूलबिन्दु की ओर उन्नतोदर

(ख) बाएँ से दाएँ नीचे की ओर ढालू

**30.** State and explain the 'law of variable proportions' in the context of total product and marginal product. Use diagram to explain. 6

'परिवर्ती अनुपातों के नियम' का उल्लेख कीजिए तथा कुल उत्पाद और सीमान्त उत्पाद के सन्दर्भ में चित्र का प्रयोग करके इसकी व्याख्या कीजिए।

**( For Blind Candidates only in lieu of Q. No. 30 )**

**( केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर )**

What is production function? State and explain the law of variable proportions in the context of total product and marginal product. 6

उत्पादन फलन से क्या अभिप्राय है? परिवर्ती अनुपातों के नियम का उल्लेख कीजिए तथा कुल उत्पाद और सीमान्त उत्पाद के सन्दर्भ में इसकी व्याख्या कीजिए।

**31.** Calculate *(a)* national income, and *(b)* private income from the data given below : 6

| | | ₹ (in crore) |
|---|---|---|
| *(i)* | Consumption of fixed capital | 100 |
| *(ii)* | Compensation of employees | 700 |
| *(iii)* | Income from property and entrepreneurship accruing to government | 40 |
| *(iv)* | Savings of non-departmental enterprises | 60 |
| *(v)* | National debt interest | 10 |
| *(vi)* | Rent | 250 |
| *(vii)* | Interest | 200 |
| *(viii)* | Net factor income from abroad | 10 |
| *(ix)* | Profit | 150 |
| *(x)* | Mixed income of self-employed | 400 |
| *(xi)* | Net current transfers from government | 30 |
| *(xii)* | Net current transfers from rest of the world | 20 |
| *(xiii)* | Net indirect taxes | 50 |

निम्नलिखित आँकड़ों से (क) राष्ट्रीय आय तथा (ख) निजी आय की गणना कीजिए :

| | | ₹ (करोड़ में) |
|---|---|---|
| *(i)* | अचल पूँजी का उपभोग | 100 |
| *(ii)* | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 700 |
| *(iii)* | सरकार को संपत्ति और उद्यमशीलता से होने वाली आय | 40 |
| *(iv)* | गैर-विभागीय उद्यमों की बचत | 60 |
| *(v)* | राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज | 10 |
| *(vi)* | लगान (किराया) | 250 |
| *(vii)* | ब्याज | 200 |
| *(viii)* | विदेशों से प्राप्त निवल साधन आय | 10 |
| *(ix)* | लाभ | 150 |
| *(x)* | स्वनियोजितों की मिश्रित आय | 400 |
| *(xi)* | सरकार से निवल चालू हस्तांतरण | 30 |
| *(xii)* | शेष विश्व से निवल चालू हस्तांतरण | 20 |
| *(xiii)* | निवल अप्रत्यक्ष-कर | 50 |

**32.** Explain the following functions of money with examples : 6

*(a)* Medium of exchange

*(b)* Measure of value

मुद्रा के निम्नलिखित कार्यों को उदाहरण सहित समझाइए :

(क) विनिमय का माध्यम

(ख) मूल्य का मापक

**OLD**

This Question Paper contains **23** questions.

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत **23** प्रश्न हैं।

# ECONOMICS

## अर्थशास्त्र

## (318)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में एक से अधिक विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## SECTION–A

## खण्ड–अ

**1.** Define consumption. 2

उपभोग की परिभाषा दीजिए।

**2.** What is meant by disinvestment? 2

विनिवेश क्या होता है?

**3.** Give *two* examples each of consumer durable and producer durable goods. 2

दीर्घोपयोगी उपभोक्ता वस्तुओं और दीर्घोपयोगी उत्पादक वस्तुओं के **दो-दो** उदाहरण दीजिए।

**4.** Define economic growth. 2

आर्थिक संवृद्धि की परिभाषा दीजिए।

**5.** Define statistics in singular sense. 2

एकवचन के रूप में सांख्यिकी की परिभाषा दीजिए।

**6.** State any *two* precautions that are taken while calculating national income by income method. 2

आय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का परिकलन करते समय बरती जाने वाली कोई **दो** सावधानियाँ बताइए।

**7.** State any *two* uses of national income estimates. 2

राष्ट्रीय आय के अनुमानों के कोई **दो** उपयोग बताइए।

**8.** Give *two* examples each of factor income and non-factor income. 2

साधन आय और गैर-साधन आय के **दो-दो** उदाहरण दीजिए।

**9.** The marginal revenue of selling one unit of output is ₹ 80 and when two units are sold the marginal revenue is ₹ 70. At what price are two units sold? 2

उत्पादन की एक इकाई बेचने पर सीमान्त आगम ₹ 80 है और जब दो इकाई बेची जाती हैं तो सीमान्त आगम ₹ 70 है। इसकी दो इकाइयाँ किस कीमत पर बेची गईं?

**10.** Is India a developing economy? Give *four* reasons in support of your answer. 5

क्या भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है? अपने उत्तर के समर्थन में **चार** कारण दीजिए।

**11.** Prepare a 'less than' cumulative frequency distribution from the following frequency distribution : 5

निम्नलिखित आवृत्ति वितरण से एक 'से कम' संचयी आवृत्ति वितरण बनाइए :

| *Class*<br>**वर्ग** | *Frequency*<br>**आवृत्ति** |
|---|---|
| 10–20 | 12 |
| 20–30 | 20 |
| 30–40 | 18 |
| 40–50 | 10 |
| 50–60 | 5 |

**12.** Describe the role of 'bank rate' in regulating money supply. 5

मुद्रापूर्ति के नियंत्रण में 'बैंक दर' की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**13.** Calculate net value added at market price from the following data : 5

| | | ₹ (in crore) |
|---|---|---|
| *(i)* | Opening stock | 20 |
| *(ii)* | Sales | 600 |
| *(iii)* | Intermediate consumption expenditure | 350 |
| *(iv)* | Depreciation | 50 |
| *(v)* | Closing stock | 30 |
| *(vi)* | Net indirect taxes | 60 |
| *(vii)* | Interest | 40 |

निम्नलिखित आँकड़ों से बाजार मूल्य पर निवल मूल्यवृद्धि का परिकलन कीजिए :

| | | ₹ (करोड़ में) |
|---|---|---|
| *(i)* | प्रारम्भिक स्टॉक | 20 |
| *(ii)* | बिक्री | 600 |
| *(iii)* | मध्यवर्ती उपभोग व्यय | 350 |
| *(iv)* | मूल्यह्रास | 50 |
| *(v)* | अन्तिम स्टॉक | 30 |
| *(vi)* | निवल अप्रत्यक्ष-कर | 60 |
| *(vii)* | ब्याज | 40 |

**14.** State any *five* functions of the Planning Commission. 5

योजना आयोग के कोई **पाँच** कार्य बताइए।

**15.** Complete the following table : 5

निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए :

| *Output* (in units)<br>*उत्पादन* (इकाइयों में) | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| *Total cost*<br>*कुल लागत* | 12 | 22 | 26 | 32 | 46 |
| *Total variable cost*<br>*कुल परिवर्ती लागत* | — | — | — | — | — |

**16.** Calculate national income from the following data : 5

| | | ₹ (in crore) |
|---|---|---|
| *(i)* | Compensation of employees | 2,000 |
| *(ii)* | Rent | 200 |
| *(iii)* | Interest | 400 |
| *(iv)* | Depreciation | 100 |
| *(v)* | Profit | 1,000 |
| *(vi)* | Net factor income from abroad | 50 |
| *(vii)* | Mixed income of self-employed | 5,000 |
| *(viii)* | Net indirect taxes | 700 |

निम्नलिखित आँकड़ों से राष्ट्रीय आय का परिकलन कीजिए :

| | | ₹ (करोड़ में) |
|---|---|---|
| *(i)* | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 2,000 |
| *(ii)* | किराया | 200 |
| *(iii)* | ब्याज | 400 |
| *(iv)* | मूल्यह्रास | 100 |
| *(v)* | लाभ | 1,000 |
| *(vi)* | विदेशों से निवल साधन आय | 50 |
| *(vii)* | स्वनियोजितों की मिश्रित आय | 5,000 |
| *(viii)* | निवल अप्रत्यक्ष-कर | 700 |

**17.** Explain the reasons for the inverse relationship between price and quantity demanded of a commodity. 8

वस्तु की कीमत और माँग-मात्रा में विपरीत संबंध के कारणों की व्याख्या कीजिए।

**18.** Explain *four* main causes of economic crisis of 1991. 8

1991 के आर्थिक संकट के **चार** मुख्य कारणों की व्याख्या कीजिए।

**19.** Calculate arithmetic mean from the following data by step deviation method : 8

पद विचलन विधि द्वारा निम्नलिखित आँकड़ों से अंकगणितीय माध्य का परिकलन कीजिए :

| *Marks*<br>**अंक** | *Number of students*<br>**विद्यार्थियों की संख्या** |
|---|---|
| 0–20 | 20 |
| 20–40 | 40 |
| 40–60 | 30 |
| 60–80 | 10 |

**20.** Explain the sources of receipts in the government budget. 8

सरकार के बजट में प्राप्तियों के स्रोतों की व्याख्या कीजिए।

## SECTION–B

## खण्ड–ब

### OPTION–I

### विकल्प–I

**( Role of Agriculture and Industry in India's Economic Development )**

**( भारत के आर्थिक विकास में कृषि और उद्योग की भूमिका )**

**21.** State *two* problems created by subdivision and fragmentation of landholdings. 2

जोतों के उपविभाजन और अपखंडन से होने वाली **दो** समस्याएँ बताइए।

**22.** How does industrial sector help in increasing irrigation facilities? Explain. 5

सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने में औद्योगिक क्षेत्र किस प्रकार सहायक है? समझाइए।

**23.** Explain *four* points of importance of small-scale industries in Indian economy. 8

भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु उद्योगों के महत्त्व के **चार** बिन्दुओं की व्याख्या कीजिए।

### OPTION–II

### विकल्प–II

**( Population and Economic Development )**

**( जनसंख्या और आर्थिक विकास )**

**21.** What is meant by life expectancy? 2

जीवन प्रत्याशा क्या है?

**22.** Explain the role of education in containing population. 5

जनसंख्या वृद्धि को रोकने में शिक्षा की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

**23.** Explain the effects of high growth rate of population on environment and forests. 8

जनसंख्या की ऊँची वृद्धि दर का पर्यावरण और वनों पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

★ ★ ★